प्रेस नोट

दिनांक 26.03.2025

महिला थाना (पुलिस परिवार परामर्श केंद्र) द्वारा काउंसलिंग कर परिवारों की समस्या का निस्तारण किया गया-

आज दिनांक 26 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में महिला थाना (पुलिस परिवार परामर्श केंद्र) द्वारा पारिवारिक विवादों के समाधान हेतु काउंसलिंग की गई, जिसमें परिवारों की समस्याओं का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न मतभेदों को सुना गया तथा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया। परिवार परामर्श केंद्र के प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनी और वे साथ रहने को राजी हो गए। इसके उपरांत महिला हेल्प डेस्क ऑफिसर द्वारा उन्हें हंसी-खुशी विदा किया गया।

पिछले वर्ष 2024 में महिला हेल्प डेस्क पुलिस टीम (पुलिस परिवार परामर्श केंद्र) को प्राप्त कुल 121 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर पति-पत्नी के बीच आपसी समन्वय स्थापित किया गया, जिससे परिवारिक जीवन सुखमय बना रहे। वहीं, वर्ष 2025 में अब तक 19 पति-पत्नी विवादों के प्रकरण पुलिस के संज्ञान में आए, जिनका सफल समाधान किया गया और उन्हें आपसी तालमेल के साथ रहने हेतु प्रेरित किया गया।

महिला थाना (पुलिस परिवार परामर्श केंद्र) द्वारा सभी दंपतियों से यह अपील की जाती कि यदि भविष्य में कोई पारिवारिक समस्या उत्पन्न होती है, तो वे निसंकोच पुलिस परिवार परामर्श केंद्र अथवा पुलिस प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उनके वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बना रहे। पुलिस का यह प्रयास पारिवारिक विवादों को समाप्त कर सामाजिक सद्भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे दांपत्य जीवन में स्थायित्व और सुख-शांति बनी रहे।